# बहरीन में फैल रही कन्नौज के इत्र की खुशबू

संजय मिश्र • बहरीन

ऊंची इमारतों, चमचमाती सड़कों और प्राकृतिक संसाधनों के कारण दुनियाभर का ध्यान खींचने वाले खाड़ी के छोटे से देश बहरीन में कन्नौज के इत्र की खुशबू फैल रही है। 17 लाख आबादी वाले इस देश में भारतीयों की संख्या लगभग साढ़े तीन लाख है। ये भारतीय अपनी श्रमशक्ति और मेधा से बहरीन को चमकीला बना रहे हैं। यह भारतीयों के कौशल का ही कमाल है इन दिनों यहां कन्नौज के इत्र की चर्चा है।

दरअसल, बहरीनियों की पसंद और जरूरत को ध्यान में रखकर भारतीय राजदूत विनोद के. जैकब ने कन्नौज के इत्र को उनके सामने रखा था। बहरीन के लोगों को इसकी खुशबू पसंद आ गई। दैनिक जागरण के सहयोगी प्रकाशन नईदुनिया से बातचीत में जैकब ने कहा कि

- भारतीय राजदूत विनोद के. जैकब ने जताई उम्मीद, बहरीन में होगा कन्नौज के इत्र का बड़ा बाजार

## प्रधानमंत्री मोदी के कारण बहरीन में बढ़ा है हमारा सम्मान

उत्तर प्रदेश परिवार के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी एवं बिहार परिवार के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पिछले 10 साल में बहरीन में भारतीयों का जो सम्मान बढ़ा है, उसमें हमारी केंद्र सरकार और विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बड़ी भूमिका है।

---

मुझे भरोसा है कि एक दिन बहरीन में कन्नौज के इत्र का बड़ा बाजार होगा। कन्नौज के इत्र की खुशबू छा जाएगी।

जैकब बहरीन में भारत के विभिन्न प्रांतों के उत्पादों की पैरवी कर रहे हैं। इसलिए प्रत्येक माह किसी न किसी प्रांत के उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए विशेष चर्चा का कार्यक्रम बना रखा है। फरवरी से मार्च तक उत्तर प्रदेश के उत्पादों पर फोकस किया जा रहा है। बहरीन में रह रहे भारतीयों के एक संगठन उत्तर प्रदेश परिवार (मूलरूप से उत्तर प्रदेश के निवासियों का संगठन) द्वारा शनिवार शाम आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस पर जैकब ने इस इत्र की फैलती खुशबू पर चर्चा की। समारोह में बतौर अतिथि पहुंचे उत्तर प्रदेश के देवरिया के विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यों को गिनाकर बताया कि किस तरह उन्होंने पूरी दुनिया में भारत के प्रति विश्वास का माहौल बनाया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। जौनपुर के बदलापुर से विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने भी मोदी सरकार के कार्यों की चर्चा की।